दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जंगली भालू के हमले से 01 ग्रामीण घायल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के बस्तर थाना क्षेत्र के निवासी एक ग्रामीण मिठू आज सुबह लकड़ी लेने के लिए जंगल जा रहा था, इसी दौरान एक जंगली भालू ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया, इस दौरान जंगल जा रहे अन्य ग्रामीणों ने चीख पुकार सुनने के बाद हमलावर भालू को खदेड़कर घायल को उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर निवासी मिठू उम्र 35 वर्ष जो आज सुबह घर से 01 किमी दूर जंगल मे लकड़ी काटने जा रहा था, इसी दौरान पीछे से एक बड़े भालू ने मिठू पर हमला कर दिया, भालू के हमले से ग्रामीण मिठू के हाथ, जांघ के अलावा पीठ जख्मी हो गया। अन्य ग्रामीण जो लकड़ी लेने जा रहे थे, उन्होंने भालू को भगाया और घायल को पहले बस्तर के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया उसके बाद उसे मेकाज रेफर किया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

### विधायक शकुंतला साहू पर पत्थरबाजी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** जिले के गिधपुरी थाना क्षेत्र के सुंद्रावन गांव में जयंती कार्यक्रम के दौरान संसदीय सचिव व कसडोल विधायक पर पथराव करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पत्थरबाजी की मुख्य वजह ग्राम सरपंच से वाद-विवाद को बताया जा रहा है। गांव के कुछ लोगों की किसी बात को लेकर सरपंच से विवाद हुआ था और इसी का बदला लेने आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी मनबोध बघेल 35 वर्ष और हजारी नवरंगे 23 वर्ष दोनो ग्राम सुंद्रावन का है।

### रौताही मेले में हुए चाकूबाजी मामले में 6 आरोपी दुर्ग से गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा (आरएनएस)।** 22 दिसंबर को रौताही मेले में हुए चाकूबाजी मामले में 6 आरोपियों को दुर्ग से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि मेले में चलते वक्त पैर दब जाने से आरोपियों ने 4 लोगों पर चाकू से हमला किया था। जिसमे एक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। और 3 लोगों का इलाज बिलासपुर में जारी है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल कर दिया है।

### डांस करते- करते पिस्टल दिखाकर लोगों पर रौब झाड़ने वाला युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** अभनपुर थाना क्षेत्र में एक जुलूस पर युवक हाथ में पिस्टल लिए डांस करते- करते पिस्टल दिखाकर लोगों पर रौब झाड़ रहा था। युवक ने खुद को ऐसे प्रचारित किया मानों हाथ में असली पिस्टल हो, जबकि उसके हाथ में पिस्टल वाला लाइटर था। इस बात की सूचना पुलिस को जैसे ही युवक की करतूत का पता चला उसे फौरन गिरफ्तार कर लिया गया। युवक का नाम भारत मारकण्डे 19 वर्षीय है। ये अभनपुर बस्ती का रहने वाला है।

# सर्वांगीण ग्रामीण विकास को मिल रही मजबूती-मंत्री उमेश

**रायगढ़।** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल आज खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के जनसंपर्क में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 17 लाख 45 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि शासन गांवों के विकास को केन्द्र में रखते हुए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं, जो आज सर्वांगीण ग्रामीण विकास को मजबूती दे रही हैं। शासन आजीविका संवर्धन के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सुपोषण सभी पहलुओं पर केंद्रित योजनाएं संचालित कर रही हैं। कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी को मजबूती देने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के द्वारा धान के साथ अन्य दूसरी फसलों पर आदान सहायता दी जा रही है। जिससे फसलों का बेहतर दाम मिला है।





योजना के तहत प्रति एकड़ 10 हजार रुपये तक इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। इसी के साथ ही गांवों में निवासरत भूमिहीन श्रमिकों के लिए भी योजना शुरू की गयी है। जिससे उन्हें 6 हजार रुपये की सहायता राशि इसी वित्तीय वर्ष से दिया जाएगा। आजीविका के लिए वनोपज संग्रहण का कार्य करने वाले वनवासी परिवारों की बेहतर आर्थिक स्थिति के लिए न केवल वनोपजों के खरीद का दायरा बढ़ाया गया है, बल्कि उनके समर्थन मूल्यों में भी वृद्धि की गयी है। आज 52 वनोपजों की समर्थन मूल्य में खरीदी हो रही है। तेन्दूपत्ता मानक बोरा की कीमत 25 सौ से 4 हजार किया गया है। इससे वनोपज संग्रहण और विपणन के लिए व्यवस्थित ढांचा तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शासकीय स्कूल की फीस में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल योजना शुरू की गयी है। जिसकी शुरुआत जिले से होने के बाद अब विकासखंड स्तर पर भी स्कूल खोले गए हैं। जिसका आगे भी विस्तार किया जाएगा। स्वास्थ्य और सुपोषण के लिए संचालित योजना का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन हो रहा है।

उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कहा कि गांवों में ग्रामवसियों की आवश्यकता और मांग के हिसाब से अधोसंरचना विकास के कार्य किये जा रहे हैं। गांवों में सीसी रोड निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, मुक्ति धाम जैसे निर्माण कार्य लगातार किये जा रहे हैं। उन्होंने लोकार्पित कार्यों के लिए सभी ग्रामवसियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे गांव में मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि होगी। इस दौरान ग्रामवासियों की समस्याओं से वे अवगत हुए तथा जल्द उसका निराकरण करने के निर्देश एसडीएम, सीईओ जनपद सहित सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस दौरान उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने ग्राम केवाली में 10 लाख रुपये की लागत से बनने जा रहे सामुदायिक भवन व ग्राम साजापाली में 6 लाख 45 हजार रुपये की लागत से बनने जा रहे आंगनबाड़ी भवन का शिलान्यास किया। साथ ही ग्राम कसाईपाली में सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संतोषी राठिया, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी राठिया, सरपंच केवाली रामेश्वर सिंह राठिया, रामदयाल राठिया, एसडीएम अभिषेक गुप्ता, एसडीओपी श्रीमती निमीषा पांडेय, सीईओ जनपद पंचायत हिमांशु साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खेत रखवाली के लिए गये युवक की कुएं में डूबने से मौत

**जशपुर (आरएनएस)।** जिले के पत्थलगांव के ग्राम तिलडेगा कटँगतराई में 24 दिसंबर की दोपहर कृष्णा एक्का अपने खेत की रखवाली करने गया था वही खेत में स्थित कुएं में डू1बकर उसकी मौत हो गयी, काफी देर तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने युवक की खोजबीन शुरु कर दी। तभी वो खेत पहुंचे और कुंए में देखा तो कृष्णा की लाश तैरती हुई दिखाई दी। तभी आनन फानन में परिजनों ने शव को कुंए से बाहर निकाला और युवक के जिंदा होने की आश लिए उसे घर ले आये लेकिन उनकी उम्मीद काफी देर पहले ही टूट चुकी थी। ग्रामीणों व परिजनों ने घटना की सूचना पत्थलगांव थाने में दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव



का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना के संबंध में पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी और अभी तक ये बात भी स्पष्ट नहीं हुई है की युवक की मौत कैसे हुई और उसके पिछे का क्या कारण है। पुलिस परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर बाइक सवार युवक गंभीर

**कोंड़ागांव (आरएनएस)।** जिले के फरसगांव नगर के पेट्रोल पंप के सामने एक ट्रेलर क्रमांक जीजे 10 टि एक्स 9648 ने पेट्रोल पंप की ओर जा रहे एक बाइक को टक्कर मार दी, इस टक्कर में बाइक सवार बलिराम कोर्राम पिता दानूराम कोर्राम निवासी बंगोली टेमूरपारा उम्र 24 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे फरसगांव अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जगदलपुर डीमरापाल अस्पताल देर रात उपचार के लिए 108 से रिफर किया गया। वहीं फरसगांव पुलिस के द्वारा उक्त ट्रेलर वाहन और चालक को पकडकर कार्यवाही कर रही है।

## नवोदय विद्यालय के 13 बच्चे संक्रमित, मचा हड़कंप

**» सभी बच्चों को हास्टल में किया गया शिफ्ट**

**रायगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच एक बड़ी खबर प्रकाश में आई है। जिले के खरसिया-भूपदेवपुर स्थित जवाहर नवोदय के 13 छात्र-छात्राओं की अचानक तबियत खराब हुई। विभिन्न लक्षणों के बाद कोविड टेस्ट के लिए भेजा गया। सभी बच्चे छुट्टियां मनाकर आए थे। जिसके बाद 13 छात्र छात्राओं का कोरोना रिपोर्ट पाजीटिव आते ही हड़कंप मच गया। आनन फानन



में नवोदय विद्यालय परिसर के हास्टल को क्वारंटाइन सेंटर बनाकर बच्चों को रखा गया हैं।

13 बच्चों को कोविड संक्रमित होने के बाद विद्यालय परिसर को कंटेंनमेंट जोन बनाकर संपर्क में आए दूसरे छात्रों की भी जांच की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग बुलेटिन के मुताबिक पूरे छग में लगभग 23 नये कोविड पाजीटिव मरीजों की पहचान की गई है जिसमें से 27 रिकव्हर भी हुए हैं। प्रदेश में एक नये वेरियंट ओमीक्रान का भी खतरा मंडरा रहा है।

## नक्सलियों द्वारा लगाये दो स्थानों पर आईईडी बरामद कर डिफ्यूज किया गया



**» नारायणपुर पुलिस की कार्यवाही**

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिला पुलिस ने नक्सलियों द्वारा घटना को अंजाम देने के लिए अलग-अलग दो स्थानों पर लगाये गये आईईडी को बरामद कर उसे डिफ्यूज किया।

पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देशानुसार चल रहे रोड़ डिमायनिंग के दौरान शनिवार को नारायणपुर पुलिस की बीडीएस टीम ने थाना धनोरा क्षेत्रांतर्गत अलग-अलग 02 स्थानों पर आईईडी रिकवर सक्रियता दिखाते हुए उसे तत्काल डिफ्यूज किया है, बीडीएस टीम ने नक्सलियों द्वारा प्लांटेड रीमोट आईईडी टिफिन बम को डिफ्यूज कर फोर्स को बड़ी क्षति से बचा लिया है जिसके फलस्वरूप जायसवाल ने बीडीएस टीम को उनके उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए नगद ईनाम की घोषणा की है साथ ही रोड़ डिमायनिंग की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश भी दिये हैं ताकि आईईडी रिकवर कर फोर्स को बड़े खतरे से बचाया जा सके।

### नक्सली विकास कार्यों की प्रगति को प्रभावित करने की नियत से लगा रहे आईईडीः

जिला नारायणपुर के सर्वांगीण विकास की लक्ष्य को पूरा करने के लिये पुलिस, सशस्त्र बल और केन्द्रीय बलों को जवान 24×365 सुरक्षा में तैनात होकर डटे हुए हैं। चूंकि नक्सली नहीं चाहते कि अबुझमाड सहित पूरे बस्तर का विकास हो। क्योंकि क्षेत्र की उन्नति के साथ ही उनका जनाधार भी कम हो रहा है जिसके कारण नक्सली बौखलाहट में आईईडी प्लांट करते हैं और फोर्स को क्षति पहुंचाने की नियत से हिट-एण्ड-रन के माध्यम से फोर्स को हानि पुहंचाते हैं। इसी के तहत् नक्सली विकास कार्यों की प्रगति को प्रभावित करने तथा फोर्स को हानि पहुँचाने की नियत आईईडी प्लांट कर रहे हैं।

### डीआरजी की कड़ी सुरक्षा के बीच बीडीएस टीम का डिमायनिंग अभियान जोरो परः

पुलिस अधीक्षक जायसवाल के निर्देशानुसार विगत कुछ महिनों से जिला के नक्लल प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर सर्चिंग अभियान चले रहे हैं। नक्सल गस्त और सर्चिंग के दौरान उनके साथ बीडीएस टीम भी साथ होती है। इसी के तहत् कार्यवाही के दौरान बीडीएस टीम को यह सफलता मिली है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से दो ग्रामीणों की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**रायगढ़ (आरएनएस)।** रायगढ़ जिले में मालगाड़ी की चपेट में आने से 2 ग्रामीणों की मौत हो गई। ये हादसा एनटीपीसी के रेलवे ट्रैक पर घरघोड़ा के समीप कंचनपुर में हुआ है। वही बताया जा रहा है की दोनो मृतक धरमजयगढ़ के पंडरीपानी अम्बिकापुर के रहने वाले है। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों युवक रेलवे लाइन में समान सुरक्षा को लेकर रात में ट्रैक पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घरघोड़ा पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि घरघोड़ा के तिलाईपली कोल माइंस से पुसौर लारा एनटीपीसी पावर प्लांट तक कोयला परिवहन के लिए कंपनी में निजी रेलवे लाइन बिछाई गई है। हाल ही में इस रेलवे ट्रैक पर परिवहन का काम शुरू किया गया है।

## मकान व फसलों को नुकसान पहुंचाकर 43 हाथियों का दल बेलबंधा पहाड़ पहुंचा

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में उत्पात मचा रहे 43 हाथियों का दल शुक्रवार की रात पसान रेंज की सीमा को पार कर केंदई परिक्षेत्र में पहुंच गया। हाथियों का दल अभी केंदई परिक्षेत्र के बेलबंधा पहाड़ में विश्राम कर रहा है।

हाथियों का दल यहां पहुंचने से पहले बनिया व लमना चोटिया दो ग्रामीणों के घर को तोड़ दिया तथा 4 किसानों के खेतों में लगे अरहर की फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। हाथियों का उत्पात क्षेत्र में काफी देर तक चलता रहा। उत्पाती हाथियों के लमना पहुंचने तथा घर व फसल को नुकसान पहुंचाए जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को खदेड़ने



की कार्यवाही की। वन अमले द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया। आज सुबह वन विभाग के कर्मचारी फिर गांव पहुंचे और रात में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का सर्वे करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। जानकारी के अनुसार हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ है। कोरबी सर्किल के डिप्टी रेंजर साहू ने बताया कि हाथियों के क्षेत्र में आते ही वन विभाग का अमला सतर्क हो गया है तथा हाथी प्रभावित गांवों में मुनानी कनारे के साथ ही ग्रामीणों को सावधान किया जा रहा है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि वे हाथियों के उपस्थिति वाले जंगल की ओर ना जाए तथा वहां से दूरी बनाएं रखें। घर से निकलते समय सावधानी भी बरतें। वन विभाग का अमला हाथियों की निगरानी में जुट गया है। वन कर्मी हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली मीटिंग

**» 9 से 16 जनवरी तक कोरबा में होगी 43वीं राष्ट्रीय महिला फुटबाल चैम्पियनशिप**

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले में स्व. बिंदेश्वरी देवी की स्मृति में 43वीं राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। 09 जनवरी से 16 जनवरी 2022 तक इस फुटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती रानू साहू की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मीटिंग रखी गयी। श्रीमती रानू साहू ने इस आयोजन को जिले का गौरव बताया तथा आयोजन में शामिल सभी प्रतिष्ठानों और विभागों को पूरी जिम्मेदारी से सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। बैठक में नगर निगम आयुक्त कुलदीप शर्मा, जिला पंचायत सी.इ.ओ. नूतन कंवर, प्रभारी ए.डी.एम. सुनील नायक सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी



उपस्थित रहे। इस बैठक में एस.ई.सी.एल., बालको, एन.टी.पी.सी. और आयोजन समिति के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने विभिन्न संस्थाओं को सौंपे गए कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित संस्थाओं को भोजन, चिकित्सा आदि की उचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। श्रीमती साहू ने कहा कि आयोजन में शामिल सभी संस्थाएं एवं विभाग समन्वय से कार्य करते हुए पूरी भव्यता के साथ इस आयोजन को सफल बनायें। श्रीमती साहू ने खेल सामग्री, मैदान व्यवस्था, परिवहन, विद्युत व्यवस्था, खिलाड़ियों के रुकने के लिए भवन व्यवस्था आदि के तैयारियों के संबंध में भी जानकारी संबंधित संस्थाओं के अधिकारियों से ली। एस.ई.सी.एल. कोरबा के अधिकारी ने बताया कि खेल सामग्री एवं मैदान की व्यवस्थाएं जल्द ही पूरी कर ली जाएंगी। विद्युत मंडल के अधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा आयोजन के लिए साउंड, लाइट और टेंट की व्यवस्थाएं की जा रही है। बैठक में खिलाड़ियों एवं आयोजन में शामिल अन्य लोगों के रुकने के लिए भवन व्यवस्था की चर्चा के दौरान, कोरबा जिले के वर्किंग वूमन हॉस्टल में रुकने की समुचित व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने सभी तैयारियां समय सीमा में पूरा कर लेने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल शिरकत करेंगे। महिला फुटबॉल महासंघ के महासचिव शेख जावेद ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में 20 राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं और इस आयोजन में लगभग 52 मैच खेले जाएंगे। आयोजन समिति के संयोजक अब्दुल सुल्तान ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ और समापन कोरबा पूर्व के एस.ई.सी.एल. खेल मैदान में होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480